खून से लाल हुई देवरी की सड़क, युवक की मौत

परसौना-बरगवां मार्ग के देवरी में हुआ सड़क हादसा, एक रेल कर्मी गंभीर रूप से घायल, लोगों ने किया सड़क जाम

नवभारत न्यूज

सिंगरौली, 3 जून। कोतवाली बैढ़न थाना क्षेत्र के गड़हरा के समीप देवरी मार्ग पर बुधवार दोपहर करीब 11 बजे हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने बरगवां- बैढ़न मार्ग के देवरी क्षेत्र में चक्काजाम कर आवागमन प्रभावित कर दिया। करीब साढ़े 5 घंटे आवागमन ठप रहा।

जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल सवार परविंदर शाह पिता अमर प्रसाद शाह उम्र 23 वर्ष निवासी कसर तथा अनुज सिंह पिता गोपाल सिंह बघेल उम्र 42 वर्ष मूल निवासी नगवां-सीधी हाल निवासी गोदवाली रेलवे कॉलोनी किसी कार्य से जा रहे थे। इसी दौरान गड़हरा गांव देवरी के पास एक अज्ञात पिकअप वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर बैढ़न पहुंचाया गया। वहीं परविंदर साहू की घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया था। वहीं अनुज सिंह की हालत गंभीर बताई जा रही है। जिनका इलाज जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर बैढ़न में चल रहा है। घटना से नाराज ग्रामीणों और परिजनों ने देवरी में सड़क पर बैठकर चक्काजाम कर दिया तथा कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलते ही कोतवाली बैढ़न अशोक सिंह परिहार एवं विंध्यनगर अर्चना द्विवेदी, नवानगर डॉ. अनिल पटेल, माड़ा थाना प्रभारी शिवपूजन मिश्रा एवं खुटार चौकी प्रभारी के नेतृत्व में भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। साथ ही तहसीलदार प्रीति सिकरवार एवं पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाइश देकर स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। साथ ही खुटार पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है। इधर मृतक के आश्रित को अधिक से अधिक आर्थिक सहायता राशि दिलाने की मांग कर रहे थे। करीब साढ़े 4 घंटे तक बरगवां-बैढ़न मार्ग अवरूद्ध रहा। अंततः संबल योजना के तहत 4 लाख एवं रेडक्रॉस सोसायटी से 10 लाख रूपये की सहायता राशि मुहैया कराई गई। इस दौरान वाहन चालक एवं मुसाफिर काफी परेशान रहे।

रेलवे कर्मी अनुज सिंह गंभीर रूप से घायल

अनुज सिंह बघेल किसी कार्य के लिए बैढ़न मोटरसाइकिल सवार चालक परविंदर के साथ आ रहे थे कि देवरी में सड़क हादसे का शिकार हो गये। बताया जाता है कि उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। एक पैर कट गया है और वे गोंदवाली में बतौर रेल कर्मी ग्रेड-बी के पद पर कार्यरत हैं। ट्रामा सेंटर के चिकित्सको ने रेल कर्मी को जबलपुर के लिए रिफर किया गया है।

सीसीटीव्ही कैमरों से अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी पुलिस

घटनास्थल पर मौजूद लोग यही आरोप लगा रहे थे कि किसी कोल वाहन के टक्कर से मोटरसाइकिल सवार परविंदर साहू की मौत हो गई। जबकि कुछ लोग चर्चा कर रहे थे कि पिकअप वाहन से मौत हुई है। कोतवाली टीआई घटनास्थल एवं उसके आसपास लगे सीसीटीव्ही फुटेज को खंगालने में लगे हुये हैं। चर्चा है कि घटना के वक्त तीन पिकअप वाहन निकलने हैं, किससे टक्कर हुई, यह भी अभी स्पष्ट नही हो पाया है, परंतु इस सड़क हादसे में एक नव युवक की जान चली गई और रेल कर्मी अनुज सिंह गंभीर रूप से घायल हो गये।



देवसर के चकुआर में 160 घन मीटर रेत जब्त, मचा हड़कंप

अवैध रेत भंडारण पर खनिज विभाग की बड़ी कार्रवाई

नवभारत न्यूज

सिंगरौली, 3 जून। जिले में अवैध खनिज कारोबार के खिलाफ प्रशासन का अभियान लगातार जारी है। कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देशानुसार खनिज विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने आज बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए देवसर तहसील अंतर्गत ग्राम चकुआर में अवैध रूप से भंडारित रेत को जप्त किया। इस कार्रवाई के बाद अवैध खनिज कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार खनिज अधिकारी आकांक्षा पटेल के मार्गदर्शन में खनि निरीक्षक अशोक मिश्रा तथा पुलिस टीम ने रेत भंडारण संबंधी शिकायत की जांच की। जांच के दौरान ग्राम चकुआर स्थित नदी पुल के समीप श्मशान घाट के पास लगभग 160 घन मीटर रेत अवैध रूप से भंडारित पाई गई। मौके पर किसी भी व्यक्ति द्वारा रेत के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके, जिसके बाद इसे लावारिस मानते हुए जप्त कर लिया गया। खनिज विभाग ने नियमानुसार जप्त रेत को रेत ठेकेदार की सुपुर्दगी में सौंपते हुए आवश्यक कार्रवाई की है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार प्रकरण में खनिज नियमों के तहत अग्रिम वैधानिक कार्रवाई जारी है और संबंधित व्यक्तियों की पहचान कर जिम्मेदारी तय की जाएगी।

एक नजर में

किशोरी के साथ छेड़खानी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



सिंगरौली। जियावन थाना क्षेत्र के एक किशोरी के साथ मनचले पड़ोसी अमजद खान घर में घुस कर अश्लील हरकत कर रहा था। जहां शोर-शराबा करने पर आरोपी भाग खड़ा हुआ। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध करते हुये गिरफ्तार कर लिया है। पिछले माह 13 मई को पीड़िता उम्र 16 वर्षीय नाबालिग द्वारा थाना जियावन में एक लिखित आवेदन प्रस्तुत किया गया था। पीड़िता ने आरोप लगाया था कि उक्त दिनांक को सुबह जब वह अपने घर पर अकेली थी, तब पड़ोसी अमजद खान उर्फ मोनू उसके घर में घुस आया। आरोपी ने गलत नियत से छेड़खानी करते हुये धमकाया था, पीड़िता के भाई के आने पर आरोपी मौके से भाग खड़ा हुआ। जहां पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना में अपराध दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए बीएनएस और पॉक्सो एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना कर पुलिस टीम ने आरोपी अमजद खान पिता अजामत खान उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम जियावन को गिरफ्तार कर ली।

समान नागरिक संहिता पर बैठक 9 को

सिंगरौली। म.प्र. में समान नागरिक संहिता के संबंध में अध्ययन एवं परीक्षण के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति जनपरामर्श बैठक आगामी 9 जून को पूर्वान्ह 10 बजे से जिपं सिंगरौली के सभागार में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता समिति के सदस्य एवं कानूनविद अनूप नायर करेंगे। कलेक्टर गौरव बैनल द्वारा जारी आदेश के अनुसार बैठक के संयुक्त कलेक्टर संजीव कुमार पाण्डेय को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार का है उद्देश्य : मिश्रा

पराई पंचायत में जन समस्या शिविर आयोजित

नवभारत न्यूज

चितरंगी 3 जून। म.प्र. शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप आमजन की समस्याओं के घर-द्वार पर ही त्वरित समाधान के उद्देश्य से एक जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देशन में जनपद पंचायत चितरंगी के अंतर्गत सुदूर ग्राम रेहड़ी ग्राम पंचायत पराई में आज बुधवार को आयोजित की गई। सुबह 10:30 बजे शिविर का विधिवत शुभारंभ हुआ, जिसमें क्षेत्रीय नागरिकों और ग्रामीणों की समस्याओं एवं शिकायतों को सुना गया और शासन की मंशानुसार उनका मौके पर ही निराकरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री राधा सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सीधी-सिंगरौली सांसद डॉ. राजेश मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की प्राथमिकता हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना और उनकी समस्याओं को समय-सीमा में हल करना है। कलेक्टर के कड़े निर्देशों के पालन में शिविर स्थल पर जिले के सभी प्रमुख विभागों द्वारा अपनी-अपनी विकास योजनाओं और जन कल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी देने तथा आवेदन प्राप्त करने के काउंटर स्थापित किए गए थे। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष अर्चना सिंह, जिपं सीईओ जगदीश गोमे, अपर कलेक्टर पीएस त्रिपाठी, एसडीएम देवेन्द्र द्विवेदी, तहसीलदार नागेश्वर पनिका, जिपं सदस्य कमलेन्द्र सिंह, जपं सीईओ मान सिंह सैयाम सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

पहली बारिश में डूबा रेलवे ओव्हरब्रिज, ठेकेदार की लापरवाही से थमा आवागमन

पचौर-देवरा मार्ग पर जलभराव, वाहन चालकों को उठानी पड़ी भारी परेशानी, रेलवे ट्रैक पार करने को मजबूर ग्रामीण, हादसे का बढ़ा खतरा

नवभारत न्यूज

बरगवां 3 जून। बरगवां तहसील अंतर्गत ग्राम पचौर-देवरा के समीप स्थित रेलवे ओवरब्रिज पहली ही बारिश में लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गया।

गत दिवस सोमवार को हुई हल्की बारिश के बाद पुल के नीचे भारी जलभराव हो गया, जिससे आवागमन बुरी तरह प्रभावित हो गया। स्थिति ऐसी रही कि दोपहिया और चारपहिया वाहन पुल के नीचे से गुजर नहीं सके और लोगों को वैकल्पिक रास्तों का सहारा लेना पड़ा। स्थानीय ग्रामीणों ने इस समस्या के लिए टीएचडीसी कंपनी के ठेकेदार की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है।

वहीं ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार ठेकेदार और टीएचडीसी प्रबंधन को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य में तकनीकी मानकों की अनदेखी की गई है.

जिसका खामियाजा आम जनता भुगत रही है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं टीएचडीसी प्रबंधन से तत्काल हस्तक्षेप कर स्थायी जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

ओव्हरब्रिज मार्ग से पैदल चलना भी मुश्किल

ग्रामीणों का आरोप है कि ओवरब्रिज निर्माण के दौरान जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई। न तो नालियों का निर्माण किया गया और न ही पानी की निकासी के लिए आवश्यक ढलान छोड़ी गई, जिसके कारण हल्की बारिश में ही पुल के नीचे पानी भर गया। जलभराव के कारण कई दोपहिया वाहन बीच रास्ते में बंद हो गए, जबकि चारपहिया वाहनों को वापस लौटना पड़ा। पैदल चलने वालों को भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। मार्ग बंद होने के कारण कई ग्रामीण जान जोखिम में डालकर रेलवे ट्रैक पार कर आवागमन करने को मजबूर हुए, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है।

यदि कोई स्पर्श असहज करें, तो तुरंत अभिभावक से जरूर बताना : निहारिका

नवभारत न्यूज

रिहंदनगर 3 जून। एनटीपीसी रिहंद में चल रहे बालिका सशक्तीकरण अभियान में प्रतिभाग कर रहीं बालिकाओं को बीजपुर थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह और उनकी टीम ने गुड टच, बैड टच, साइबर अपराध सहित विभिन्न कानूनी सहायता सेवाओं की जानकारी देकर जागरूक किया।

कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रही बालिकाओं को बीजपुर थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने पॉक्सो एक्ट, 2012, बच्चों के अधिकार, साइबर सुरक्षा, बाल संरक्षण एवं लैंगिक संवेदनशीलता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी तथा उन्हें बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को आत्मसुरक्षा के प्रति जागरूक करना और सशक्त बनाना है। महिला आरक्षी निहारिका पांडेय ने बालिकाओं को सरल, सहज और बाल-अनुकूल भाषा में सुरक्षित व असुरक्षित स्पर्श की जानकारी दी। उन्होंने बालिकाओं को समझाते हुए कहा कि यदि कोई स्पर्श उन्हें असहज करें, तो वे न कहना, वहां से हट जाना और तुरंत अभिभावक या शिक्षक को बताना जरूरी है।

पथ विक्रेताओं के लिए लोक कल्याण मेला शुरू

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 3 जून। भारत सरकार एवं संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल के निर्देशानुसार नपानि द्वारा पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत 1 जून से 30 जून तक निगम मुख्यालय में विशेष लोक कल्याण मेला का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत 19 जून को भव्य पीएम स्वनिधि महोत्सव भी मनाया जाएगा।

इस मेले का मुख्य उद्देश्य शहरी क्षेत्र में रेहड़ी-पटरी, ठेला लगाने वाले एवं छोटे-छोटे व्यवसाय करने वाले पथ विक्रेताओं को आर्थिक रूप से सशक्त व आत्मनिर्भर बनाना है।

इस आयोजन के माध्यम से छोटे व्यवसायियों को विभिन्न सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं तथा डिजिटल लेन-देन से जोड़ा जाएगा, साथ ही उन्हें अपना व्यवसाय बढ़ाने के लिए बैंक के माध्यम से कार्यशील पूंजी के रूप में 15 हजार, 25 हजार और 50 हजार रुपये तक का ऋण बेहद आसान शर्तों पर उपलब्ध कराया जाएगा।

ननि प्रशासन ने शहर के समस्त शहरी पथ विक्रेताओं से इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

30 से अधिक वाहनों पर चालानी कार्रवाई, दस्तावेजों की हुई जांच

ओव्हरलोड ऑटो वाहनों पर यातायात पुलिस का शिकंजा, सड़क सुरक्षा के प्रति चालकों और यात्रियों को किया जागरूक

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 3 जून। सड़क सुरक्षा और यात्री सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यातायात पुलिस सिंगरौली द्वारा जिले के विभिन्न प्रमुख मार्गों, चौराहों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष जांच अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियां बैठाकर संचालित किए जा रहे ऑटो वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 30 से अधिक ओवरलोड ऑटो वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस की इस कार्रवाई के दौरान ऑटो चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, परमिट, वाहन बीमा, पंजीयन प्रमाण पत्र, फिटनेस एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की भी गहन जांच की गई। जिन चालकों के दस्तावेज अधूरे पाए गए, उन्हें नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी गई।

अभियान के दौरान यातायात पुलिस अधिकारियों ने ऑटो चालकों को समझाइश देते हुए बताया कि ओवरलोडिंग न केवल मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन है, बल्कि यह यात्रियों की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा पैदा करती है। अधिकारियों ने कहा कि निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने पर दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों को सभी आवश्यक एवं वैध दस्तावेज साथ रखने की सलाह देते हुए चेतावनी दी कि बिना लाइसेंस, परमिट या बीमा के वाहन संचालन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति विंध्याचल की पहल

नवभारत न्यूज

विंध्यनगर 3 जून। एनटीपीसी विंध्याचल ने अपने सीएसआर कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 3 जून को गहिलगढ़ पश्चिम आंगनवाड़ी केंद्र में ग्रामीण महिलाओं एवं किशोरियों के लिए मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम में डॉ. मयूराक्षी भराली प्रबंधक ने प्रतिभागियों को मासिक धर्म के दौरान स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों, स्वच्छता के महत्व तथा संक्रमण एवं अन्य स्वास्थ्य जटिलताओं से बचाव के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

इस अवसर पर लगभग 200 महिलाओं एवं किशोरियों को निःशुल्क सैनिटरी पैड वितरित किए गए तथा उनके सही उपयोग एवं सुरक्षित निस्तारण के बारे में भी मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में डेविड देशमुख कार्यकारी, डॉ. मयूराक्षी भराली प्रबंधक, सविता पटेल कनिष्ठ अधिकारी एवं देवमती बाबू नंदन बंसल, वार्ड पार्षद सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएँ तथा बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाएँ उपस्थित रहीं।

प्रतिभागी पर्यावरण जागरुकता रैली में हुए शामिल

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 3 जून। भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी एनसीएल में आगामी विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पर्यावरण सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके तहत कंपनी की सभी परियोजना और इकाइयों में पर्यावरण संरक्षण जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में एनसीएल मुख्यालय, निगाही, कृष्णशिला, अमलोरी परियोजना एवं नेहरू शताब्दी चिकित्सालय में पर्यावरण जागरूकता रैली, वेस्ट टू वंडर, पर्यावरण जीए ओलम्पियाड एवं प्रश्नोतरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। एनसीएल में आयोजित पर्यावरण सप्ताह का सबसे खूबसूरत रंग कंपनी के आरोहण समर कैंप के बच्चों ने बिखेरा। कैंप के लगभग 1180 बाल प्रतिभागियों ने पर्यावरण जागरूकता रैली में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हाथों में तख्तियां थामे इन बच्चों ने आम जनता को वृक्षारोपण के प्रति जागरूक किया। बच्चों ने पेड़ लगाओ, पर्यावरण बचाओ जैसे जोशीले नारों से पूरे माहौल को पर्यावरण मय कर दिया।

रेल परियोजना की भेंट चढ़ा प्राथमिक शाला खोभा का भवन

रेलवे की लापरवाही पर ग्रामीणों में आक्रोश, खंडहर बने भवन से बच्चों का भविष्य दांव पर, नए विद्यालय भवन की मांग तेज

नवभारत न्यूज

देवसर 3 जून। ललितपुर-सिंगरौली रेल परियोजना से प्रभावित ग्राम खोभा स्थित शासकीय प्राथमिक शाला आज बदहाली का शिकार होकर खंडहर में तब्दील हो चुकी है।

रेलवे विभाग द्वारा विद्यालय भवन का एक हिस्सा तोड़े जाने के बाद शेष भवन भी जर्जर अवस्था में खड़ा है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि वर्षों पूर्व भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद विद्यालय के पुनर्वास और नए भवन निर्माण की दिशा में अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों के अनुसार विद्यालय भवन लंबे समय से खाली पड़ा होने के कारण असामाजिक तत्वों ने दरवाजे, खिड़कियां, लोहे के सामान सहित अन्य उपयोगी सामग्री चोरी कर ली है। इससे शासकीय संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा इस संबंध में थाना और विकासखंड शिक्षा अधिकारी को लिखित शिकायत भी दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि रेलवे विभाग द्वारा भवन का एक हिस्सा पहले ही ध्वस्त किया जा चुका है और शेष हिस्से को भी हटाने की तैयारी की जा रही है, जबकि विद्यालय के लिए वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है। इसका सीधा असर गांव के बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा है और उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित होना पड़ रहा है।

रेल परियोजना नहीं उपलब्ध कराया भवन

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग एवं रेलवे अधिकारियों से मांग की है कि विद्यालय का तत्काल पुनर्वास कर सुरक्षित स्थान पर नया भवन बनाया जाए तथा विद्यालय की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। चेतावनी दी गई है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीण जनआंदोलन और धरना-प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। ग्रामीणों का कहना है कि एक ओर सरकार शिक्षा के अधिकार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की बात करती है, वहीं दूसरी ओर रेल परियोजना से प्रभावित बच्चों को वर्षों से स्थायी विद्यालय भवन तक उपलब्ध नहीं कराया जा सका है। इससे बच्चों के संवैधानिक अधिकारों का खुला उल्लंघन हो रहा है।